कर दिया नीलकण्ठ शम्भू को विष के प्याले ने | By Swami Ramji Das (Barsana)

ॐ नमः शिवाय बोलो ॐ नमः शिवाय......

कर दिया नीलकंठ शम्भू को विष के प्याले ने
पी लिया सब ज़हर डमरू वाले ने

देव दानव ने जब सागर मंथन किया
इसमें निकला ज़हर ना किसी ने पिया
तो करिश्मा किया भोले भाले ने
कर दिया नीलकंठ शम्भू को विष के प्याले ने

वो ज़हर भोले बाबा ने ऐसे पिया
ना हला हल ना गले से उतरने दिया
इस तरह पी लिया पीने वाले ने
कर दिया नीलकंठ शम्भू को विष के प्याले ने

पान विष का पिया है जो होके मगन
देव दानव ने शिव को किया है नमन
कर दिया काम वो डमरू वाले ने
कर दिया नीलकंठ शम्भू को विष के प्याले ने

अब तो शिव की शरण में कमल दास है
जो ना सोचा था वो सब मेरे पास है
भाग खोला है शिव के शिवाले ने
कर दिया नीलकंठ शम्भू को विष के प्याले ने

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a4%a3%e0%a5%8d%e0%a4%a0-%e0%a4%b6%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ad%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b5/